<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

8 अगस्त, 2022

श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने "विद्युत वितरण संस्थाओं की 10वीं एकीकृत रेटिंग और रैंकिंग" रिपोर्ट और डिस्कॉम रेटिंग डैशबोर्ड पोर्टल "Urjadrishti.com" निर्मोचित की

कैप्शन : श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने नई दिल्ली में श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), श्री इंदु शेखर चतुर्वेदी, सचिव (एमएनआरई), श्री आर.एस. ढिल्लों, सीएमडी, पीएफसी और विद्युत मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारीकी उपस्थिति में "राज्य वितरण संस्थाओं की रैंकिंग और 10वीं एकीकृत रेटिंग" निर्मोचित की।

नई दिल्ली, **8 अगस्त** - माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह ने "विद्युत वितरण संस्थाओं की 10वीं एकीकृत रेटिंग और रैंकिंग" निर्मोचित की। 2012 से, वित्तीय स्थिरता, कार्य-निष्पादन उत्कृष्टता और बाहरी वातावरण और वर्ष दर वर्ष सुधार को बनाए रखने की उनकी क्षमता को कवर करने वाले मापदंडों की एक श्रृंखला पर विद्युत संस्थाओं के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से विद्युत मंत्रालय द्वारा अनुमोदित फ्रेमवर्क के तहत एकीकृत रेटिंग अभ्यास किया जा रहा है।

इसके अलावा, माननीय मंत्री ने पारदर्शिता लाने और डिस्कॉम को सुदृढ़ करने के लिए urjadrishti.com नामक ऑनलाइन डैशबोर्ड का भी अनावरण किया।

विद्युत मंत्रालय (एमओपी) ने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) को रेटिंग अभ्यास का समन्वय करने के लिए अधिकृत किया है और अब तक राज्य वितरण संस्थाओं को कवर करते हुए 9 एकीकृत रेटिंग की गई हैं।

ह/-

(एस.एस.राव)

मुख्य महाप्रबंधक(पीआर)